राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर

सूचना

जिला न्यायालय/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चतुर्थ श्रेणी भर्ती–2019

क्रमांक :–रा.उ.न्या.जो./परीक्षा प्रकोष्ठ/अधीनस्थ न्यायालय/चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी/2019/888 दिनांक 09.01.2025

जिला न्यायालयों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों (तालुका विधिक सेवा समितियों एवं स्थायी लोक अदालतों सहित) में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (कार्यालय चपरासी/समतुल्य पद) के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु विस्तृत विज्ञापन क्रमांक रा.उ.न्या.जो./परीक्षा प्रकोष्ठ/अधीनस्थ न्यायालय/च.श्रे.क./2019/1051 दिनांक 06.11.2019 द्वारा ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। किन्तु उक्त भर्ती परीक्षा से सम्बन्धित प्रक्रिया अपरिहार्य कारणों से प्रारंभ नहीं की जा सकी है। उक्त विस्तृत विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से वर्तमान तक विविध श्रेणियों यथा निःशक्तजन (PwBD), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS), उत्कृष्ट खिलाड़ी (OSP), भूतपूर्व सैनिक (Ex-servicemen) प्रवर्ग में आरक्षण सम्बन्धी विविध नियमों/उपबन्धों में अनेक परिवर्तन समाविष्ट किए जा चुके हैं। उक्त परिवर्तनों के कारण, अद्यतन नियमों/उपबन्धों के अनुपालन के अभाव में, तत्समय प्रवृत्त भर्ती नियमों से उक्त भर्ती प्रक्रिया का निष्पादन संभाव्य नहीं है।

उपर्युक्त परिस्थितियों में उक्त भर्ती प्रक्रिया को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है अतः उक्त भर्ती प्रक्रिया विज्ञापन के प्रक्रम से ही एतद्द्वारा निरस्त की जाती है। वर्तमान प्रक्रिया के आवेदकों को उनके द्वारा पूर्व में संदत्त परीक्षा फीस के पुनर्भरण हेतु पृथक् से नोटिस यथासमय राजस्थान उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि नियमित समयान्तराल पर राजस्थान उच्च न्यायालय की वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

09.01.2025

रजिस्ट्रार (परीक्षा)